# डब्ल्यूएचओ की चेतावनी, करॉना वायरस बना गंभीर वैश्विक खतरा

**चेतावनी** आपात स्थिति से निपटने की तैयारी के तहत चिकित्सा उपकरणों के निर्यात पर लगी थी रोक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जिनेवा। चीन में करॉना वायरस के चपेट में अब तक 1000 से अधिक लोगों को मौत हो चुकी है वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) अध्यक्ष ने मंगलवार को करॉना को विश्व के लिए बेहद गंभीर खतरा करार दिया है। डब्ल्यूएचओ अध्यक्ष टेडरोस अधनोम घेबरेसुस ने जिनेवा में करॉना वायरस संकट के विषय पर आयोजित एक सम्मेलन में अपने विचार रखते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा, चीन में इसके 99 प्रतिशत मामले पाए गए हैं इसलिए उस देश के लिए यह आपदा है लेकिन शेष विश्व के लिए भी यह बहुत बड़ा खतरा है। दो दिवसीय सम्मेलन में वैज्ञानिक इस वायरस के फैलने और इसका संभावित टीका विकसित करने पर विचार करेंगे। टेडरोस ने कहा, सबसे जरूरी यह है कि इस वायरस को फैलने से रोका जाए और जिंदगियां बचाई जाएं। आपके सहयोग से हम यह मिलकर कर सकते हैं।



पहली बार, चीन में 31 दिसंबर को सबसे पहले इस वायरस की पहचान हुई थी। तब से इससे 1000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, 42,000 से अधिक लोग इससे संक्रमित है और यह 25 देशों में फैल चुका है।

वायरस में भाग लेने वाले वैज्ञानिक इस विषाणु की उत्पत्ति पर भी विमर्श करेंगे। माना जा रहा है कि वायरस की उत्पत्ति चमगादड़ों में हुई होगी और यह मनुष्य में सांपों और पैंगोलिन जैसे जीवों के जरिए फैला होगा। ऑस्ट्रेलिया, चीन, फ्रांस, जर्मनी और अमेरिका की कई कंपनियां और संस्थान करॉना वायरस का टीका विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं।

उधर, चीन के शान्सी प्रांत में करॉना वायरस से पीड़ित 33 वर्षीय एक महिला ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया है। बच्ची का वजन 2,730 ग्राम है। महिला 37 सप्ताह की गर्भवती थी। प्रांतीय रोग एवं रोकथाम नियंत्रण केंद्र के अनुसार बच्ची स्वस्थ है और उसकी अच्छी तरह देखभाल की जा रही है। अगले कुछ दिनों में उसकी फिर जांच की जाएगी। इससे पहले 30 घंटे की बच्ची को करॉना से पीड़ित पाया गया था।

माना जा रहा था कि उसे मां से यह संक्रमण मिला होगा जो खुद करॉना से पीड़ित थी।

## डब्ल्यूएचओ ने करॉना वायरस को दिया नया नाम- कोविड-19

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जिनेवा। डब्ल्यूएचओ ने मंगलवार को चीन के घातक करॉना वायरस का आधिकारिक नाम कोविड–19 होगा। इस वायरस की पहचान पहली बार 31 दिसंबर 2019 को चीन में हुई थी। डब्ल्यूएचओ के प्रमुख टेड्रोस एधानोम गेब्रेयेसुस ने जिनेवा में संवाददाताओं से कहा, अब हमारे पास बीमारी के लिए नाम है और यह कोविड–19 है। उन्होंने नाम की व्याख्या करते हुए कहा कि को का मतलब करॉना, वि का मतलब वायरस और डी का मतलब डिसीज (बीमारी) है।

## न्यूज डायरी



### पोल डांस करते 20 फीट नीचे गिरी स्ट्रिप डांसर, मगर थिरकते रहे कदम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** टेक्सस। अमेरिका के टेक्सस में पोल डांस करते वक्त एक स्ट्रिपर (कपड़े उतारकर डांस करने वाली डांसर) 20 फीट ऊंचे पोल से नीचे आ गिरी। जीनिया स्काई नाम की इस डांसर ने इतनी ऊंचाई से गिरने के बाद भी अपना डांस जारी रखा। घटना का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, जीनिया के जबड़े में गंभीर चोट आई है और कुछ दांत भी टूटे हैं। साथ ही उनके घुटनों में भी चोट आई है। सोशल मीडिया पर उनके पोल से गिरने के विडियो को लाखों लोग देख चुके हैं और जीनिया के ठीक होने की कामना कर रहे हैं। घटना के बाद जीनिया ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर हॉस्पिटल से अपनी तस्वीर शेयर की है। उन्होंने लिखा, मेरे शुभचिंतकों का शुक्रिया। मेरे जबड़े में चोट आई है और फिलहाल मैं बोल नहीं पा रही हूं, इसलिए कम से कम कॉल करें। फोन भी ज्यादा नहीं चला रही हूं इसलिए सबके मेसेजेस का रिप्लाई करना मुश्किल है, मगर मैं सभी के मेसेजेस देख रही हूं।

### करने वाला था तीसरी शादी, पहली बीवी ने पहुंचकर कर दी पिटाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान में एक व्यक्ति को उस समय पुलिस की मदद लेनी पड़ी जब उसकी तीसरी शादी के मौके पर पहली पत्नी पहुंच गई और वहां अतिथियों की मौजूदगी में ही न सिर्फ उसके साथ बेरहमी से मारपीट की बल्कि उसके कपड़े भी फाड़ दिए। मीडिया की एक खबर के अनुसार पुलिस ने उस व्यक्ति को सुरक्षित बचाया। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार सोमवार रात मदीहा और उसके रिश्तेदार कराची में आसिफ रफीक की शादी के मौके पर पहुंच गए। मदीहा का दावा था कि उन दोनों की 2014 में शादी हुई थी। रिपोर्ट के अनुसार महिला ने दावा किया कि रफीक ने जिन्ना यूनिवर्सिटी की एक कर्मचारी से उसकी सहमति के बिना दूसरी शादी कर ली थी और जब उसने दूसरी शादी पर आपत्ति जतायी तो रफीक ने माफी मांगी और केवल उसी के साथ रहने का वादा किया। इसमें कहा गया है कि मदीहा और उसके परिवार ने रफीक की बेरहमी से पिटाई की और उसके कपड़े फाड़ दिए।

### जिहादी हमले में पांच नाइजीरियाई सुरक्षाकर्मियों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कानो (नाइजीरिया)। नाइजीरिया के उत्तर पूर्वी बोरनो राज्य में इस्लामिक स्टेट समूह से संबद्ध जिहादियों के तीन अलग–अलग हमले में दो सैनिकों समेत पांच सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि ट्रक पर सवार जिहादी समूह इस्लामिक स्टेट वेस्ट अफ्रीका (आईडब्ल्यूएपी) के लड़ाकों ने राज्य की राजधानी मैदुगुरी के पास तुंगुशे गांव में एक सैन्य चौकी पर सोमवार को पहला हमला किया, जिसमें एक सैनिक की मौत हो गई और अन्य घायल हो गया। अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा, "आतंकवादियों ने स्थानीय समयानुसार शाम करीब छह बजे गोलीबारी शुरू की जिसमें एक सैनिक की मौत हो गई और अन्य घायल हो गया।"

### दुनिया की सबसे अधिक उम्र की महिला, पुरुष जापानी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। एकबार फिर एक जापानी ने दुनिया के सबसे बुजुर्ग पुरुष होने का गिनेस रेकॉर्ड कायम किया है। 112 साल और 344 दिन के चितेशु वतनाबे का जन्म उत्तरी जापान में 1907 में हुआ था और वह हंसने मुस्कराने में यकीन रखते हैं। इससे पहले दुनिया के सबसे अधिक उम्र के पुरुष (112) भी जापान के थे जिनका पिछले महीने ही निधन हो गया। बता दें कि सबसे अधिक उम्र की जीवित महिला का खिताब भी जापान के पास है। काने तनाका 117 साल की हैं। चितेशु को बोनसाई पौधे लगाने का शौक रहा है। उन्हें कस्टर्ड खाना पसंद है। उन्होंने कृषि स्कूल में पढ़ाई की है और फिर गन्ने की खेती की परियोजना से जुड़े। उनके पांच बच्चे हैं। यह तो हो गई चितेशु की कहानी, लेकिन इन बातों ने यह सोचने को मजबूर किया है कि आखिर क्या वजह है कि जापान के नागरिक इतना लंबा जीते हैं।

## आईएसआईएस में भर्ती होने गए सैकडों लोगों को वापस नहीं आने देगा इंडोनेशिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बोगोर। इंडोनेशिया ने कहा है कि वह इस्लामिक स्टेट में शामिल हुए अपने 700 के करीब नागरिकों को स्वदेश वापस नहीं बुलाएगा लेकिन वह छोटे बच्चों को वापस लाने पर विचार कर सकता है। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने कहा था कि वह सीरिया और अन्य देशों में आईएस के लिए लड़ने गए संदिग्ध आतंकवादियों और उनके परिवारों को वापस लाने के पक्ष में नहीं हैं।

इस मामले में पूरा देश दो भागों में बंट गया है। सुरक्षा मामलों के मंत्री महफूज एमडी ने बताया कि महिलाएं और बच्चे समेत इंडोनेशिया के 689 लोग सीरिया में हैं और उन्हें देश लौटने की इजाजत नहीं दी जाएगी जहां आईएस समर्थक समूहों ने कई बार हमले किए हैं। मंत्री ने जकार्ता के निकट राष्ट्रपति जोको विडोडो से बैठक के बाद मंगलवार को कहा, 'हमने फैसला किया है कि सरकार को 26 करोड़ 70 लाख इंडोनेशियाई नागरिकों को सुरक्षा मुहैया करानी है।'

उन्होंने कहा, 'अगर ये विदेशी आतंकवादी लड़ाके देश लौट आते हैं तो वे नए खतरनाक विषाणु बन सकते हैं।' मंत्री ने कहा कि सरकार मामले के आधार पर 10 साल और उससे कम उम्र वाले बच्चों को स्वदेश लाने पर विचार कर सकती है।



यूरोप में सियारा तूफान का कहर, यूके में हवा में डोलता दिखा प्लेन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। रनवे पर घिसट रहा, हवा में हिचकोले खाते हुए टेकऑफ के लिए संघर्ष कर रहा प्लेन, यह नजारा है ब्रिटेन के एक एयरपोर्ट का। दरअसल, यूरोप के विभिन्न देशों में सियारा तूफान अपना कहर बरपा रहा है। इस तूफान से अब तक सात लोगों की मौत हो चुकी है और इसने हवाई यातायात को बुरी तरह प्रभावित किया है। स्थानीय मीडिया ने इससे जुड़ा एक विडियो शेयर किया है, जिसे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्लेन के अंदर बैठे यात्रियों की क्या हालत हो रही होगी। प्लेन टेक ऑफ के लिए रनवे पर दौड़ रहा है और इस दौरान वह घिसट रहा है।

## चीन में करॉना वायरस का कहर 1,110 हुई मरनेवालों की संख्या

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। चीन में करॉना वायरस से मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,113 हो गई है, जबकि कन्फर्म मामलों की संख्या भी बढ़कर 44,653 हो गई है। चीनी प्रशासन ने बुधवार को यह जानकारी दी। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बताया कि 31 प्रांतीय स्तर के क्षेत्रों और शिंजियांग प्रॉडक्शन ऐंड कंस्ट्रक्शन कॉर्प्स से मंगलवार को करॉना वायरस संक्रमण के कन्फर्म 2,015 नए मामलों और 97 मौतों की जानकारी मिली है।

सिन्हुआ ने चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के हवाले से बताया कि इनमें हुबेई प्रांत में 94



और हेनान, हुनान तथा चोंगकिंग में एक–एक मौत हुई है। आयोग ने कहा कि मंगलवार को 3,342 नए संदिग्ध मामले सामने आए। मंगलवार को ही 871 मरीज गंभीर रूप से बीमार पड़ गए और 744 लोगों को ठीक होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। आयोग ने कहा कि 8,204 मरीजों की हालत गंभीर बनी हुई है और 16,067 लोगों के वायरस से संक्रमित होने का संदेह है। ठीक होने के बाद कुल 4,740 लोगों को अस्पताल से छुट्टी दी जा चुकी है। आयोग ने कहा कि 4,51,462 लोगों के करॉना वायरस पीड़ितों से करीबी संपर्क में होने का पता चला है, उनमें से 30,068 को मंगलवार को चिकित्सा निगरानी से छुट्टी दे दी गई है, जबकि 1,85,037 अन्य अभी भी चिकित्सा निगरानी में हैं।

मंगलवार तक, हॉन्ग–कॉन्ग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र (एसएआर) में एक की मौत सहित 49 मामलों की पुष्टि हुई, जबकि 10 मकाऊ एसएआर में और ताइवान में 18 मामलों की पुष्टि हुई है। मकाऊ और ताइवान में एक–एक मरीज को ठीक होने के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है।

## न्यू हैम्पशायर प्राइमरी में सैंडर्स और ट्रंप को जीत मिली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिका के प्रमुख राज्य न्यू हैम्पशायर में मंगलवार को हुई डेमोक्रेटिक पार्टी की अहम प्राइमरी (प्राथमिक चुनाव) में सांसद बर्नी सैंडर्स को जीत मिली है। इस जीत से 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए उनके प्रचार को काफी बल मिलेगा क्योंकि अगले कुछ महीनों में उनकी पार्टी के नामांकन की दौड़ तेज होने वाली है। फिर से चुने जाने के लिए प्रयासरत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी न्यू हैम्पशायर में रिपब्लिकन प्राइमरी में अत्यधिक मतों से जीत हासिल की। 2016 में राष्ट्रपति चुनाव के लिए हुई प्राइमरी में सैंडर्स (78) न्यू हैम्पशायर से पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन से हार गए थे। इस बार वह अपने करीबी प्रतिद्वंद्वी पीट बटिगीग से आगे हैं। करीब 85 प्रतिशत मतों की गणना के बाद वर्मोंट से सीनेटर सैंडर्स को 26 प्रतिशत मत मिले वहीं इंडियाना के पूर्व मेयर बटिगीग 24.4 प्रतिशत मतों के साथ दूसरे और एमी क्लोबुचर 19.8 प्रतिशत मत के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मैसचुसेट्स से सांसद एलिजाबेथ वारेन और पूर्व उपराष्ट्रपति जो बाइडन क्रमशः चौथे और पांचवे नंबर पर रहे।